दिन— शुक्रवार दिनांक— 30 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई में ग्लोबल फिनटेक महोत्सव में कहा— जनधन योजना ने वित्तीय समावेशन को सफल बनाने में बड़ी भूमिका निभायी है।
02. भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी आलोक राज बिहार के नये डीजीपी बने।
03. प्रदेश भाजपा ने दो सितम्बर से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान के तहत राज्य में एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया।
04. और, राज्य सरकार ने बाढ़ की विभीषिका को कम करने के लिए गंडक, कोसी, बागमती और महानंदा जैसी बड़ी नदियों पर नये बराज बनाने की घोषणा की।

——————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जनधन योजना ने वित्तीय समावेशन को सफल बनाने में बड़ी भूमिका निभायी है। इसका लाभ समाज के कमजोर वर्गों को मिला है और तिरेपन करोड़ से अधिक लोग इससे जुड़े हैं। प्रधानमंत्री मुंबई में वैश्विक फिनटैक सम्मेलन—दो हजार चौबीस को संबोधित कर रहे थे।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत द्वारा फिनटैक को अपनाना गति और पैमाने की दृष्टि से विश्व में बेजोड है। दुनिया भर के तत्काल डिजिटल लेन—देन भारत में हो रहे हैं।

———बाईट———

भारत में फिनटेक की वजह से जो ट्रांसफर्मेन आया है वह सिर्फ टेक्नोलॉजी तक ही सीमित नहीं है। इसका सोशल इंपैक्ट बहुत व्यापक है। इसे गांव और शहर की खाई को ब्रिज करने में मदद मिली। तभी हमारे यहां बैंक की सर्विस लेने में ही एक पूरा दिन लग जाता था। एक किसान के लिए एक मछुआरे के लिए एक मिडिल क्लास परिवार के लिए यह बहुत बडी मुसीबत थी। फिनटेक ने इस समस्या को दूर किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वित्तीय सेवाओं के लोकतंत्रीकरण में फिनटैक ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। उन्होंने कहा कि डिजिटल लेन—देन से समानांतर अर्थव्यवस्था को समाप्त करने और बैकिंग प्रणाली में पारदर्शिता बढाने में मदद मिली है।

———बाईट———

आज सरकार की सैकड़ो स्कीम्स के तहत डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर किया जाता है। इसमें सिस्टम से लीकेज बंद हुई है वह फॉर्मल सिस्टम से जुड़ने में अपना लाभ नजर आता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में फिनटैक से जो परिवर्तन आये हैं वे प्रौद्योगिकी मात्र तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि इन परिवर्तनों का सामाजिक प्रभाव दूरगामी है। इस अवसर पर रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि भारत आज परिवर्तन के ऐसे मुकाम पर जहां प्रौद्योगिकी प्रत्येक नागरिक की आकांक्षाएं पूरा करने में प्रमुख भूमिका निभाएगी।

———————————————————————————

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि अगर महिलाओं की विकास में भागीदारी नहीं होगी तो देश वांछित विकास हासिल नहीं कर सकता। उपराष्ट्रपति ने आज दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कोलकाता दुष्कर्म और हत्या की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि जहां महिलाएं और लड़कियां सुरक्षित महसूस नहीं करतीं वह समाज सभ्य समाज नहीं है।

———बाईट्———

———————————————————————————

भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी आलोक राज को राज्य का नया पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। इस संबंध में गृह विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। आलोक राज भारतीय पुलिस सेवा के उन्नी सौ नवासी बैच के अधिकारी हैं। फिलहाल वे निगरानी जांच ब्यूरो के महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं। अगले आदेश तक वे बिहार के पुलिस महानिदेशक के रूप में कार्यरत रहेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य के निवर्तमान डीजीपी आर.एस. भट्टी के केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के बाद यह पद खाली हो गया था। आर.एस. भट्टी को सीआईएसएफ का डीजी बनाया गया है। श्री राज ने आज नये डीजीपी का कार्यभार भी सम्भाल लिया है।

———————————————————————————

भारतीय सूचना सेवा की वरिष्ठ अधिकारी प्रज्ञा पालीवाल गौड़ को आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया है। वे मौसमी चक्रवर्ती का स्थान लेंगी, जो कल सेवानिवृत्त हो रही हैं।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने दिसम्बर दो हजार चौबीस और उसके बाद सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए आज एकल सरलीकृत पेंशन आवेदन–पत्र जारी किया है। केन्द्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली में इसकी शुरूआत करते हुये कहा कि इस नये फॉर्म में कुल नौ फॉर्म को मिला दिया गया है। इससे पेंशन की पूरी प्रक्रिया आसान हो जायेगी। पेंशन विभाग के सचिव वी श्रीनिवास ने कहा कि ई–एचआरएमएस के साथ भविष्य के एकीकरण से पेंशनभोगियों द्वारा पेंशन आवेदन की वास्तविक समय पर ट्रैकिंग संभव हो

सकेगी। उन्होंने कहा, पेंशनभोगियों को एसएमएस और ईमेल के जरिए स्थिति की जानकारी दी जाएगी।

————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने दो सितम्बर से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान के तहत पूरे देश में सोलह करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने आज पटना में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस दौरान बिहार में एक करोड़ नये सदस्य बनाये जायेंगे।

———बाईट———

इधर, राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता तारकिशोर प्रसाद ने बताया कि सदस्यता अभियान के दौरान कटिहार जिले में पांच लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

————————————————————————

राज्यपाल–सह–कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को छात्र संघ के चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये हैं। श्री आर्लेकर ने आज राजभवन में कुलपतियों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि विश्वविद्यालयों की आधिकारिक वेबसाईट और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपडेट जानकारी रहनी चाहिए। उन्होंने कुलपतियों को सक्षम प्राधिकार की अनुमति के बाद ही मुख्यालय छोड़ने तथा उनसे अपने पद के अनुरुप आचरण करने को कहा। राज्यपाल ने कुलपतियों को अपने विश्वविद्यालय और मान्यता प्राप्त कॉलेजों का नियमित भ्रमण करने को कहा। इसके अलावा विश्वविद्यालय में लोकपाल की नियुक्ति के दौरान अभ्यर्थी की योग्यता पर विशेष ध्यान देने को कहा। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों को नैक की रैंकिंग में आने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा।

————————————————————————

राज्य में बाढ़ की विभीषिका को कम करने के लिए गंडक, कोसी, बागमती और महानंदा जैसी बड़ी नदियों पर नये बराज बनाये जायेंगे। पटना के सूचना भवन में जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने आज इसकी घोषणा करते हुये कहा कि जल्द ही इस संबंध में विस्तृत प्रस्ताव बनाकर केन्द्र को भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि गंडक नदी पर पूर्वी चम्पारण जिले के अरेराज में, कोसी नदी पर सुपौल जिले के डागमारा, बागमती नदी पर सीतामढ़ी जिले के ढ़ेंग में और महानंदा नदी पर मसान में बराज बनाया जायेगा। श्री चौधरी ने कहा कि इससे नदियों के अतिरिक्त जल का उपयोग सिंचाई के साथ–साथ पेयजल के रूप में किया जायेगा। उन्होंने कहा कि नये बराज वैकल्पिक जलाशय के रूप में काम करेंगे।

———————————————————————————

नेपाल और पड़ोसी राज्यों में हो रही बारिश के कारण गंगा, सोन, पुनपुन, बूढ़ी गंडक और घाघरा नदी के जलस्तर में कई स्थानों पर बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर में बढ़ा है जबकि पटना के गांधी घाट और हाथीदह तथा भागलपुर के कहलगांव में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। सोन नदी का जलस्तर रोहतास के इन्द्रपुरी में स्थिर बना हुआ है। वहीं, पुनपुन नदी पटना के श्रीपालपुर में खतरे के निशान से लगभग सत्रह सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। घाघरा नदी का सीवान के दरौली और गंगपुर सिसवन में लाल निशान के आस–पास बना हुआ है। बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में खतरे के निशान से बानवे सेंटीमीटर ऊपर है। कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में तैंतालीस और कटिहार के कुर्सेला में अठहत्तर सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया है।

———————————————————————————

कटिहार से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में आई बाढ़ से स्कूली बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई है।

———बाईट———

कटिहार जिले के पांच प्रखंडों के तीन दर्जन से अधिक विद्यालय बाढ़ के कारण बंद हैं। स्कूल बंद होने की वजह से करीब छह हजार से अधिक बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया है कि बाढ़ का पानी उतरने के बाद सभी बच्चों के लिए विशेष कक्षा का आयोजन कर उनके सिलेबस को पूरा किया जाएगा। इधर, स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से सभी बाढ़ पीड़ितों को बाढ़ राहत राशि देने की मांग की है। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी।

इधर, खगड़िया से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के विभिन्न प्रखंडों के एक दर्जन से अधिक पंचायतों में बाढ़ का पानी धीरे–धीरे कम हो रहा है।

———बाईट———

खगड़िया जिला के परबत्ता, गोगरी और खगड़िया प्रखंड के एक दर्जन से अधिक पंचायतों में बाढ़ का पानी कम हो रहा है। गंगा और बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर फिलहाल स्थिर बना है। जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों के नवासी स्कूल अभी भी बंद हैं। इधर नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव की स्थिति को देखते हुए परबत्ता की अंचलाधिकारी मोना गुप्ता ने इंजीनियरों और अधिकारियों को नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

———————————————————————————

मॉनसून के कमजोर होने के साथ ही राज्य में बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के दक्षिण–पश्चिम और उत्तर–पश्चिम के भागों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा दर्ज की गयी। वर्षा कम होने से

लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की सम्भावना जतायी है।

———बाईट———

————————————————————————

पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान को अपार जनसमर्थन मिल रहा है। डॉक्टर कुमार ने सुपौल में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इस अभियान से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

———बाईट———

————————————————————————

ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने आज दरभंगा में विभाग के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। श्री कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लम्बित तीन सौ छियासी लाभुकों को तिसरे किस्त की राशि का भुगतान एक सप्ताह के अन्दर कराने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया। वहीं, जिले के बहेरी प्रखंड के दो सौ छियालीस श्रमिकों को काम नहीं मिलने पर नराजगी व्यक्त करते हुये प्राथमिकता के आधार पर सभी श्रमिकों को मनरेगा से जोड़ने का निर्देश दिया।

————————————————————————

राज्य का पहला अनुमंडल स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशाला का आज मुंगेर के तारापुर में उद्घाटन किया गया। इस प्रयोगशाला में जिले के आसपास के प्रखंडों के किसान अपने खेतों की मिट्टी की निःशुल्क जांच करा सकेंगे।

————————————————————————

अररिया जिले के फुलकाहा थाना क्षेत्र के सुरसर नदी में बालू के अवैध खनन की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर बालू से लदे दो ओवरलोड ट्रैक्टर को जब्त किया है।

————————————————————————

पश्चिम चम्पारण के बगहा और बक्सर में चार सौ से अधिक भूमिहीन परिवारों को अभियान बसेरा के तहत पांच—पांच डिसमिल भूमि का पर्चा वितरित किया गया।

————————————————————————

अरवल जिले के इंडोर स्टेडियम में रोजगार सह प्रशिक्षण मेला में एक हजार से अधिक युवाओं ने निबंधन कराया। वहीं, तिरेसठयुवाओं को विभिन्न कम्पनियों की ओर से नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई में ग्लोबल फिनटेक महोत्सव में कहा– जनधन योजना ने वित्तीय समावेशन को सफल बनाने में बड़ी भूमिका निभायी है।

02. भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी आलोक राज बिहार के नये डीजीपी बने।

03. प्रदेश भाजपा ने दो सितम्बर से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान के तहत राज्य में एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया।

04. और, राज्य सरकार ने बाढ़ की विभीषिका को कम करने के लिए गंडक, कोसी, बागमती और महानंदा जैसी बड़ी नदियों पर नये बराज बनाने की घोषणा की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।